卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवहिं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 234 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦31 मई 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# अस्थायी रूप से रोकी गई केदारनाथ यात्रा

देहरादून। मौसम विभाग ने रुद्रप्रयाग में भारी बारिश, आंधी-तूफान और प्रतिकूल मौसम की आशंका जताई है। मौसम को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। ऐसे में प्रशासन ने एहतियातन केदारनाथ यात्रा को अस्थायी रूप से रोक दिया है। जिला प्रशासन ने यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए निकटतम होल्डिंग स्थलों और सुरक्षित स्थानों पर रोकने के निर्देश जारी किए हैं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि खराब मौसम और ऑरेंज अलर्ट के मद्देनजर यात्रा को फिलहाल **( शेष पेज सात पर )**

## पांच जिलों में अलर्ट, लोगों से सावधानी बरतने की अपील

देहरादून। उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों में मौसम एक बार फिर करवट लेने जा रहा है। मौसम विभाग ने शनिवार (31 मई 2026) को अगले तीन घंटों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी करते हुए नैनीताल, अल्मोड़ा, चंपावत, पिथौरागढ़ और बागेश्वर जिलों में भारी बारिश, ओलावृष्टि, आकाशीय बिजली और तेज आंधी-तूफान की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार यह अलर्ट सुबह 10:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक प्रभावी रहेगा।मौसम विभाग ने चेतावनी जारी करते हुए कहा है कि प्रभावित क्षेत्रों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। इसके साथ ही कई स्थानों पर गरज-चमक के साथ भारी बारिश और ओलावृष्टि होने की भी संभावना है।आकाशीय बिजली गिरने की आशंका को देखते हुए लोगों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है।**( शेष पेज सात पर )**

# लोगों को प्रेरणा देने वाला मंच बना मन की बात : धामी

## मुख्यमंत्री धामी ने छात्राओं के साथ सुनी मन की बात



देहरादून( उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को अपने शासकीय आवास पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय बालिका छात्रावास की छात्राओं के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात के 134वें संस्करण को सुना। कार्यक्रम के उपरांत मुख्यमंत्री ने छात्राओं से संवाद कर उनके विचार जाने तथा उन्हें राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने देश की युवा शक्ति, खेल प्रतिभाओं तथा जनभागीदारी की भावना को विशेष रूप से रेखांकित किया। प्रधानमंत्री ने झारखंड के रांची में आयोजित नेशनल एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की सराहना करते हुए धावक अनिमेष और गुरिंदरवीर से भी संवाद किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम ने देशवासियों को सकारात्मक सोच, जनभागीदारी **( शेष पेज सात पर )**

# मंत्री की गाड़ी पर गिरा बोल्डर ,बाल बाल बचे



कोटद्वार। उत्तराखंड के कोटद्वार-दुगड्डा राष्ट्रीय राजमार्ग पर बीती रात एक बेहद डरावना और बड़ा हादसा सामने आया है। अपने विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर वापस लौट रहे प्रदेश के लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) मंत्री सतपाल महाराज और उनकी पत्नी व पूर्व मंत्री अमृता रावत इस दुर्घटना में बाल-बाल बच गए। दुगड्डा से कोटद्वार की ओर आते समय अचानक पहाड़ी से एक विशालकाय बोल्डर (चट्टान का टुकड़ा) लुढ़क कर उनके वाहन के बोनट पर आ गिरा। टक्कर इतनी जोरदार थी कि मंत्री की गाड़ी के आगे का शीशा (विंडस्क्रीन) चकनाचूर हो गया। गनीमत रही कि चालक ने समय रहते सूझबूझ दिखाई, जिससे एक बड़ा अनर्थ होने से टल गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह घटना रात करीब साढ़े आठ बजे की है। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज और उनकी पत्नी अमृता रावत सतपुली में आयोजित एक सार्वजनिक कार्यक्रम में शिरकत करने के बाद अपने काफिले के साथ वापस देहरादून लौट रहे थे। तभी कोटद्वार और दुगड्डा के मध्य राष्ट्रीय राजमार्ग**( शेष पेज सात पर )**

# मांस फैंकने का आरोपी पुलिसकर्मी गिरफ्तार



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कोतवाली पुलिस ने रुद्रपुर के भूतबंगला में वाल्मीकि मंदिर गेट पर मांस फेंक माहौल खराब करने के प्रयास के आरोपी पुलिस कर्मी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया। इस मामले में भूतबंगला वार्ड २० निवासी भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज जिलाध्यक्ष विजेन्द्र पुत्र राजेंद्र ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया था कि भूतबंगला में एक मन्दिर स्थित है उसके पास में कुछ मुस्लीम समाज के लोग रहते है। वहीं पर मन्दिर के गेट के अजीम नामक व्यक्ति रहता है जो अपने आप को उत्तराखंड पुलिस का बताता है। आरोप है कि शुक्रवार को लगभग १ बजे उक्त अजीम ने अपने घर के सामने बकरे की कुर्बानी की**( शेष पेज सात पर )**

# दबंगों ने फायरिंग कर लहराये हथियार



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प कोतवाली क्षेत्र आपराधिक तत्वों व नशेड़ियों का अड्डा बन चुका है। यहां आये दिन गली मौहल्लों में दबंग युवकों द्वारा तमंचे व धारदार हथियार लहराकर लोगों को धमकाना सामान्य बात होती जा रही है। लगता है उन्हें कोतवाली पुलिस का कोई खौफ नहीं रह गया है या पुलिस ने उन्हें ऐसा करने की पूरी छूट दे रखी है। ऐसा ही मामला एक बार फिर सामने आया है। शनिवार **( शेष पेज 7 पर )**

# रीठा साहिब जा रहे युवक की खाई में गिरकर मौत

नानकमत्ता। गुरुद्वारा रीठा साहिब में माथा टेकने जा रहे एक युवक की खाई में गिरने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।प्राप्त जानकारी के अनुसार, लखविंदर सिंह (32) पुत्र तारा सिंह निवासी ग्राम सलमत्ता, कोतवाली नानकमत्ता, अपने दोस्तों के साथ बाइक से गुरुद्वारा रीठा साहिब, जनपद चंपावत, जा रहा था। रास्ते में बनलेख स्थित ओपन जिम के पास सभी साथी कुछ देर आराम करने के लिए रुके। बताया जा रहा है कि लखविंदर सड़क किनारे बनी दीवार पर बैठा था। इसी दौरान अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह गहरी खाई में जा गिरा।खाई में गिरने से युवक को गंभीर चोटें आईं और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे तथा शव को खाई से बाहर निकालकर कब्जे में लिया।**( शेष पेज सात पर )**

# ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मी की बिगड़ी तबीयत,निधन



हल्द्वानी(उद संवाददाता)। नैनीताल पुलिस परिवार के लिए रविवार का दिन बेहद दुखद रहा। पुलिस लाइन की परिवहन शाखा में नियुक्त मुख्य आरक्षी चालक टेक चंद का कर्तव्य पालन के दौरान अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद उपचार के दौरान निधन हो गया। बताया गया कि उन्हें ब्रेन हैमरेज हुआ था, जिसके बाद चिकित्सकीय प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। मुख्य आरक्षी चालक**( शेष पेज 7 पर )**

# नैनों से नैना मिले, मिट गए सारे गिले शिकवे

## वरिष्ठों की पहल लाई रंग,धामी-पांडे की मुस्कराहट ने दिया एकजुटता का संदेश,दूर हुई दूरियां



देहरादून। उत्तराखंड भाजपा में पिछले कुछ समय से सरकार और गदरपुर विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविंद पांडे के बीच चल रही कथित नाराजगी और दूरी को लेकर राजनीतिक गलियारों में लगातार चर्चाएं होती रही थीं। हालांकि शनिवार को मुख्यमंत्री आवास में हुई मुलाकात ने इन तमाम अटकलों पर लगभग विराम लगा दिया। मुख्यमंत्री द्वारा विधायक अरविंद पांडे को पौधा भेंट किए जाने और दोनों नेताओं के बीच हुई आत्मीय बातचीत ने यह संकेत दिया कि पार्टी के भीतर पैदा हुई दूरियां अब समाप्त हो चुकी हैं। दरअसल, पिछले कुछ समय से विधायक अरविंद पांडे अपने ऊपर लगाए जा रहे विभिन्न आरोपों और राजनीतिक रूप से उन्हें घेरने के प्रयासों को लेकर असहज बताए जा रहे थे। सार्वजनिक मंचों से भी वह कई बार अपनी पीड़ा व्यक्त कर चुके थे। उनका कहना था कि तीन दशक से अधिक के राजनीतिक जीवन में उनकी छवि पर सवाल खड़े करने की कोशिश की जा रही है, जबकि उन्होंने हमेशा पार्टी के अनुशासित कार्यकर्ता और समर्पित सिपाही के रूप में काम किया है। यही कारण था कि उनके और सरकार के बीच रिश्तों को लेकर लगातार चर्चाओं का दौर चल रहा था। भाजपा के शीर्ष नेतृत्व तक भी इन परिस्थितियों की जानकारी पहुंच चुकी थी और वह इसको लेकर गंभीर थे। घटनाक्रम के अनुसार शनिवार की शाम सीएम आवास में पांडे ने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में सीएम पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की। शुरुआती समय तनावपूर्ण रहा। पांडे ने भरे मन से कहा, वह पार्टी के अनुशासित सिपाही हैं। लेकिन उनके चरित्र को लेकर पिछले कुछ दिनों से दुष्प्रचार किया जा रहा है। पांडे ने कहा, उनका 30 साल का सियासी जीवन आईने की तरह साफ है। मालूम हो कि जमीनों के कुछ विवादों में नाम जोड़े जाने से विधायक पांडे पिछले काफी समय से नाराज चल रहे हैं। उनका आरोप है कि साजिश के तहत कुछ तत्व उनके खिलाफ दुष्प्रचार कर रहे हैं। प्रदेश में अपनी सरकार होने के बाद भी उनके मामले की सुनवाई उस तरह नहीं हो रही है जैसे होनी चाहिए। श्री पाण्डे अपनी बात राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और राष्ट्रीय महामंत्री बीएल संतोष के समक्ष भी रख चुके थें और इस विषय को लेकर दोनों पदाधिकारी गंभीर थें। उन्होंने उत्तराखंड भाजपा के नेताओं को इस विषय का जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए कहा था। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विधायक पांडे पार्टी के निष्ठावान सिपाही हैं। उनकी उठाई बातों को पार्टी ने हमेशा गंभीरता से लिया है। भाजपा के प्रदेश प्रभारी दुष्यंत कुमार गौतम, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, प्रदेश महामंत्री संगठन अजय के समझाने से भी विधायक पांडे को मनाया गया। वार्ता में गिले-शिकवे दूर होने के साथ ही माहौल सामान्य हो गया। जिस वक्त मुख्यमंत्री धामी ने विधायक पांडे को तोहफे के रूप में पौधा भेंट किया, उस वक्त पांडे और धामी के चेहरों पर बढ़िया मुस्कान दिखी। तस्वीरों में दोनों नेताओं के चेहरे पर दिखाई दे रही**( शेष पेज सात पर )**

# युवा शक्ति ही विकसित भारत की सबसे बड़ी ताकत : नितिन नवीन

## मुख्यमंत्री धामी बोले : युवाओं के सपनों को साकार करना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

देहरादून। मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन जी तथा भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री महेंद्र भट्ट की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित "युवा शक्ति संवाद" कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जनपदों से बड़ी संख्या में युवाओं ने सहभागिता की। कार्यक्रम में युवाओं ने राष्ट्र निर्माण, रोजगार, स्टार्टअप, नवाचार, शिक्षा, कौशल विकास तथा उत्तराखंड के भविष्य से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार एवं सुझाव साझा किए।भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने युवाओं के साथ आत्मीय संवाद करते हुए उनके प्रश्नों का विस्तार से उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सदैव युवाओं को केवल मतदाता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सबसे महत्वपूर्ण भागीदार मानती रही है। उन्होंने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश का युवा आज अवसरों के एक नए युग का साक्षी बन रहा है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, स्किल प्दकपं, मेक इन इंडिया तथा आत्मनिर्भर भारत जैसे अभियानों ने युवाओं को अपनी प्रतिभा के अनुरूप आगे बढ़ने के अभूतपूर्व अवसर प्रदान किए हैं।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि युवा किसी भी






राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति और अमूल्य पूंजी होते हैं। यदि युवाओं को सही दिशा, उचित अवसर और सकारात्मक वातावरण प्राप्त हो तो वे न केवल अपने जीवन को सफल बनाते हैं, बल्कि समाज और राष्ट्र के विकास की नई इबारत भी लिखते हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है और इसी उद्देश्य से केंद्र एवं राज्य सरकार युवाओं के सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही हैं।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की सबसे युवा शक्ति वाले देशों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। प्रधानमंत्री की दूरदर्शी नीतियों के कारण युवाओं को शिक्षा, कौशल विकास, अनुसंधान, नवाचार, डिजिटल तकनीक, स्टार्टअप और स्वरोजगार के क्षेत्र में नए अवसर प्राप्त हुए हैं। आज भारत का युवा नौकरी मांगने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजित करने वाला बन रहा है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य में देश का सबसे सख्त नकल विरोधी कानून लागू कर भर्ती प्रक्रियाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित की गई है। पिछले चार वर्षों में ३२ हजार से अधिक युवाओं को पारदर्शी एवं निष्पक्ष प्रक्रिया के माध्यम से सरकारी रोजगार उपलब्ध कराए गए हैं। इसके साथ ही स्वरोजगार, स्टार्टअप, पर्यटन, कृषि, खेल एवं तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र में भी युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं।उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का उद्देश्य केवल विकास कार्यों को गति देना नहीं, बल्कि ऐसे अवसरों का निर्माण करना भी है, जिनसे प्रदेश का प्रत्येक युवा अपनी प्रतिभा के बल पर आगे बढ़ सके। उत्तराखंड का युवा आज नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और संकल्प के साथ विकसित उत्तराखंड तथा विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभा रहा है।कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन एवं मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में युवाओं के हित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। युवाओं ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों के माध्यम से भारत को विश्व की अग्रणी शक्ति बनाने का लक्ष्य निश्चित रूप से प्राप्त होगा। 'युवा शक्ति संवाद' कार्यक्रम उत्साह, ऊर्जा और सकारात्मक विचारों का संगम बनकर उभरा। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं ने राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लेते हुए विकसित भारत और विकसित उत्तराखंड के निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का भरोसा व्यक्त किया।







# बिगवाड़ा मंडी मे छोटे फल सब्जी थोक विक्रेता को हटाये जाने विरोध

रुद्रपुर। विधायक शिव अरोरा के कार्यालय पर बिगवाड़ा मण्डी मे टीन शेड के नीचे चबूतरे पर विगत 20 वर्षो से 250 से अधिक छोटे थोक विक्रेता जो सब्जी फल बेच कर अपनी आजीविका चलाने का कार्य करते आ रहें है,लेकिन जैसे ही इनको हटा कर चबूतरों की नीलामी कर अन्य लोगो को बैठने व इनको उजाड़ने की बात सामने आई यह सभी भदाईपुरा, रमपुरा, खेड़ा, रेशमबाड़ी दूधियानगर, संजय नगर के निर्धन गरीब छोटे थोक विक्रेता विधायक कार्यालय पहुँचे जहाँ उन्होंने विधायक शिव अरोरा को ज्ञापन के माध्यम से उनकी रोजी रोटी बचाने व पूरे विषय से अवगत करवाया कि किस प्रकार उनको हटाने धमकाने का कार्य किया जा रहा है ।वही विधायक शिव अरोरा द्वारा इन सभी छोटे फल – सब्जी विक्रेता की वार्ता को गंभीरता से सुना और बोले बिगवाड़ा मंडी जहाँ पिछले २० वर्ष दो प्रकार के व्यापारी व्यापार करते आ रहें है एक जिनको मंडी परिषद द्वारा पक्की दुकाने आवंटन की गई है और दूसरे टीन शेड के नीचे चबूतरे पर 250 से अधिक छोटे थोक विक्रेता अपनी गुजर बसर करते आ रहें है मगर एका एक जिस प्रकार से यह सभी मेरे कार्यालय पर आये और जिस प्रकार का भय इनके चेहरे पर नजर आ रहा है और बता रहें है उनको कुछ लोगो द्वारा धमकाया जा रहा है कि यह चबूतरे खाली कर दो और यहाँ पर पक्के अलॉटमेंट अन्य लोगो को किये जाएंगे, साथ ही इनको चबूतरे पर बने रहने के बदले बड़ी धनराशि की मांग इनसे की गई निश्चित रूप से यह बेवजह का उत्पीड़न इन गरीब लोगो का रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा के होते नहीं चलेगा मैंने इन सभी व्यापारीयों को भरोसा दिया है इनका व्यापार जिस प्रकार से चल रहा है चलता रहेगा। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सरकार जो गरीब हितो मे कार्य करती आयी है उनके होते हुए और रुद्रपुर विधायक शिव अरोरा के होते हुऐ किसी भी गरीब का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं होगा। उनका विधायक सभी छोटे फल सब्जी विक्रेता के साथ खड़ा है।पीछे २० वर्ष से अपनी रोजी रोटी चलाने वालों वही टीन शेड के नीचे अपना व्यापार करेंगे उन्होंने कहाँ वह स्वयं बिगवाड़ा मंडी का दौरा करेंगे और ऐसे सभी छोटे फल सब्जी विक्रेता का जो भी उत्पीड़न कर रहा है उसके लिये मंडी परिषद के अधिकारियो से वार्ता करेंगे।विधायक बोले ऐसे छोटे व्यापारीयों मे भय का वातावरण बनाना बिल्कुल गलत है उनके होते हुऐ रुद्रपुर मे इस प्रकार की चीजे स्वीकार नहीं होंगी।विधायक शिव अरोरा के आश्वासन के बाद सभी फल सब्जी विक्रेता ने राहत की सास लीं और विधायक शिव अरोरा का आभार जताया। इस दौरान ज्ञापन देने वालों मे यादराम कोली, रामअवतार, टीकाराम, मानव कक्कड़, कृष्णा, शिवकुमार, धर्मपाल, सोनू कबीर, मनोज, प्रिंस नारंग, सूरज सिंह, उज्वल, परमजीत, रुस्तम सिंह आदि लोग मौजूद रहें।



# होरी लाल बना मोहल्ले वासियों के लिए जी का जंजाल

काशीपुर। पुरानी हिजड़ों वाली कोठी में परिवार के साथ किराए पर रहने वाला होरीलाल पिछले कुछ समय से वार्ड नंबर 28 के रहवासियों के लिए मुश्किलों का सबब बन चुका है। वह अक्सर गली मोहल्ले में लोगों के घरों के आगे नशे में धुत्त लेटा रहता है। मल मूत्र लगे होने के कारण उसके कपड़ों से इस कदर दुर्गंध आती है कि पास से होकर गुजरने वालों को मुंह पर कपड़ा रखकर निकलना पड़ रहा है। उसके द्वारा की जा रही लगातार पत्थर बाजी और डरावनी तथा अजीब अजीब तरह की आवाज निकालने की वजह से अनहोनी की आशंका बनी रहती है। खासकर बच्चे महिलाएं एवं स्कूली छात्राओं का गली मोहल्ले से होकर निकलना दूभर है। इस बारे में मोहल्ले वासियों ने बीते 27 मई को संबंधित थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई लेकिन पुलिस ने वीडियो बनाकर हाथ खड़े कर दिए। समस्या से निजात पाने के लिए मोहल्ले वासियों ने पूर्व में 112 पर भी फोन किया था लेकिन पुलिस के द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। बताया जा रहा है कि होरीलाल कभी रामनगर मंडी में ठेकेदारी कर लाखों रुपए कमाता था लेकिन आज उसकी स्थिति ऐसी है कि उसके पत्नी तथा बच्चों ने उसे दर-दर की ठोकरें खाने के लिए छोड़ दिया। फिलहाल लोगों से पैसे मांग मांग कर शराब के नशे में चूर रहने वाले होरीलाल का ठौर ठिकाना यदि मुकम्मल नहीं किया गया तो अनहोनी की घटना से इनकार नहीं किया जा सकेगा।



# दुनिया चले ना श्रीराम के बिना ,राम जी चले ना हनुमान के बिना

रुद्रपुर।श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत श्री गौरव अग्रवाल पुत्र स्व. राजेंद्र अग्रवाल जी के सानिध्य में श्री बालाजी महाराज का विशाल दरबार श्रीमति दीप्ति तायल के निवास स्थान सरस्वती एनक्लेव भुरारानी रोड रुद्रपुर में सजाया गया जहाँ दूर दराज से सैकड़ो भक्तों ने पहुंचकर अपनी अपनी हाजिरी लगाई एवं भजनों का भरपूर आनंद लिया दरबार का शुभारंभ विधिवत रूप से ज्योत प्रज्वलित कर श्री गुरु वंदना, श्री गणेश वंदना, श्री प्रेतराज जी की आरती, श्री हनुमान चालीसा एवं आज शनिवार है महावीर का वार है भजन से हुआ। उसके पश्चात दरबार में पहुँचने पर महन्त श्री अग्रवाल जी का भक्तो द्वारा फूल मालायें पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। महंत जी ने बालाजी सुनो एक अर्जी है, ओ जाने वाले जरा रुक जाना बाबा का जयकारा लेले आदि भजन सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। दरबार में धूपड़े की सेवा सरदार मनजीत सलूजा द्वारा की गयी। इसके पश्चात महंत जी पर दूत महाराज का आवाहन हुआ एवं सभी भक्तों ने दूत महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया । वही भजनों की श्रृंखला में शिव कुमार ने श्री राम जय राम जय जय राम, लवी अरोरा ने जैसा चाहो मुझको समझना, अजय जायसवाल ने दुनिया से मैं हारा तो आया तेरे द्वार, बिट्टू अरोड़ा ने इतनी कृपा बालाजी बनाये रखना, पवन खेड़ा ने जरा घूमने तो घाटे चलिए, कृष्ण छाबड़ा ने बालाजी मेरे बालाजी मेरे आदि भजन सुनाकर सबको भक्तिमय कर दिया। उसके पश्चात बाबा का पच्चीसा हुआ एवं श्री सीताराम जी की, श्री बालाजी महाराज जी की, श्री भैरव बाबा की आरती हुई एवं बाबा की आरती के छीटें एवं बाबा का भोग लगाने के उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, आयुष अरोड़ा, जय प्रकाश गर्ग, आशीष सिंघल, लवी अरोड़ा, अजय जायसवाल, शिव कुमार, सतीश कुमार, अंश तायल, वंश तायल, राम अवतार गुप्ता, पंडित बिजेंद्र कौशिक, हरिचरण सिंह, अमन श्रीवास्तव, धर्मवीर चौधरी, अंश अरोड़ा, वंश नारंग, तुषार गर्ग, बिट्टू अरोड़ा, सौरभ गुप्ता, एडवोकेट सौरभ अग्रवाल, मनोज कुमार, सुनील कुमार, सुरेश मित्तल, कपिल फुटेला, तुषार गर्ग, अर्पित गोयल, कृष्ण छाबड़ा, रोहन भटनागर, सत्यम जायसवाल, मोहित नारंग एवं सोनू कोली आदि सैकड़ों भक्त मौजूद थे।





# समर कैंप विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त माध्यम : ग्रोवर

रूद्रपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर में आयोजित ग्रीष्मकालीन समर कैंप, थीम खेलोगे तो खिलोगे, का समापन समारोह हर्ष, उत्साह एवं भावनात्मक वातावरण में सम्पन्न हुआ। विद्यालय परिसर बच्चों की खिलखिलाहट, रंग-बिरंगी सजावट और रचनात्मकता की अनूठी छटा से जगमगा उठा। कार्यक्रम का शुभारम्भ श्री जितेन्द्र सिंह अधिकारी (एच.आर. हेड, वोल्टास), श्री प्रशांत (क्वालिटी हेड, वोल्टास) तथा विद्यालय के चेयरमैन श्री सुरजीत सिंह ग्रोवर, वाइस चेयरमैन श्री हरमन सिंह ग्रोवर एवं प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया।समर कैंप के लिए देश के विभिन्न राज्यों से अपने-अपने क्षेत्र के अनुभवी एवं विशेषज्ञ प्रशिक्षकों को आमंत्रित किया गया था। ब्रेन कोडिंग हेतु श्री प्रिंस एवं श्री शिवम, रेजिन आर्ट हेतु श्री गगनदीप सिंह एवं सुश्री दलजींदर कौर, अबेकस एवं वैदिक गणित हेतु सुश्री रचना एवं सुश्री सुनीता, ग्रूमिंग हेतु सुश्री अजीता एवं श्री वंश बंगा, एयरोमॉडलिंग हेतु श्री वामसीधर रेड्डी, श्री रोशन कुमार एवं श्री तरुण पवार, ए.आई. एवं रोबोटिक्स हेतु श्री रूपिंदर सिंह, फोटोग्राफी हेतु श्री गगन मक्कड़, आर्ट एंड क्राफ्ट हेतु सुश्री कुसुम पांडे, कुलिनरी आर्ट हेतु सुश्री निमिषा, बुके एवं हैम्पर डेकोरेशन हेतु सुश्री स्वाति अरोड़ा तथा एडवेंचर एवं हॉट एयर बैलून गतिविधियों हेतु श्री गौरव भाकुनी एवं श्री कुंदन रावत को आमंत्रित किया गया था।समर कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने केवल विभिन्न कलाओं एवं गतिविधियों का प्रशिक्षण ही प्राप्त नहीं किया, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना जैसे महत्वपूर्ण जीवन मूल्यों को भी आत्मसात किया।





समापन समारोह में बच्चों द्वारा प्रस्तुत मनमोहक नृत्य, गीत, नाटक एवं वाद्य संगीत ने उपस्थित सभी दर्शकों का हृदय जीत लिया। उनकी प्रस्तुतियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास और समर्पण की अद्भुत झलक देखने को मिली।समारोह का एक विशेष आकर्षण ब्रेन कोडिंग गतिविधि से जुड़े विद्यार्थियों का अद्भुत लाइव प्रदर्शन रहा। विद्यार्थियों ने मंच पर अपनी असाधारण एकाग्रता, स्मरण शक्ति एवं मानसिक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए आंखों पर पट्टी बांधकर विभिन्न वस्तुओं की पहचान कर सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। उन्होंने आधार कार्ड पर अंकित रंगों एवं संख्याओं, एटीएम कार्ड के नंबरों, ५०० के नोट पर अंकित संख्याओं तथा नोटबुक पर लिखे अक्षरों एवं शब्दों को बिना देखे सही-सही पहचानकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रस्तुति ने उपस्थित अभिभावकों एवं अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया।साथ ही रेजिन आर्ट, फोटोग्राफी, आर्ट एंड क्राफ्ट, पॉटरी, कुकिंग एवं अन्य गतिविधियों की भव्य प्रदर्शनी भी आकर्षण का प्रमुख केंद्र रही। विद्यार्थियों द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों, हस्तनिर्मित वस्तुओं एवं रचनात्मक परियोजनाओं ने सभी को प्रभावित किया। इसके अतिरिक्त हॉट एयर बैलून गतिविधि समर कैंप का विशेष आकर्षण रही। विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके अभिभावकों ने भी उत्साहपूर्वक बैलून की सवारी कर इस रोमांचक अनुभव का आनंद लिया, जिसने इस आयोजन को और भी यादगार बना दिया। विद्यालय के चेयरमैन महोदय श्री सुरजीत सिंह ग्रोवर ने अपने संबोधन में कहा कि समर कैंप विद्यार्थियों की छिपी प्रतिभाओं को निखारने, उनकी रचनात्मक सोच को विकसित करने तथा उनके सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि बच्चों को ऐसे रचनात्मक एवं शिक्षाप्रद कार्यक्रमों का लाभ अवश्य दिलाना चाहिए तथा उन्हें निरंतर प्रोत्साहित करते रहना चाहिए। अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए तथा संसाधन व्यक्तियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। तालियों की गूंज, मुस्कुराते चेहरों और यादगार पलों के साथ कार्यक्रम का भव्य एवं सफल समापन हुआ। समर कैंप की यह सुखद यात्रा विद्यार्थियों के लिए सीख, आनंद और प्रेरणा से भरपूर एक अविस्मरणीय अनुभव बन गई।

# श्रमजीवी पत्रकार यूनियन ने किया गोष्ठी का आयोजन

रुद्रपुर। हिंदी पत्रकारिता दिवस के मौके पर उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की रुद्रपुर नगर कार्यकरणी द्वारा ट्रांजिट कैंप में गोष्टी का आयोजन किया



गया, गोष्टी के बाद पत्रकारों का सम्मान भी किया गया। इस दौरान उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के नगर कार्यकरणी के संरक्षक मुकेश गुप्ता ने कहा पत्रकारों ने देश में जनजागरण, सामाजिक चेतना और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।इस दौरान उत्तराखंड श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के नगर अध्यक्ष विकास कुमार ने कहा कि निष्पक्ष और निर्भीक पत्रकारिता ही समाज को सही दिशा प्रदान करती है। दौरान पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और कार्यस्थल पर आने वाली कठिनाइयों पर भी चर्चा की गई। बदलते दौर में पत्रकारिता के स्वरूप, डिजिटल मीडिया के बढ़ते प्रभाव और समाचारों की विश्वसनीयता बनाए रखने जैसे विषयों पर भी गहन चर्चा हुई। उपस्थित पत्रकारों ने जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करने का भी संकल्प लिया। आज के समय में कवरेज के दौरान आने वाली दिक्कत, पत्रकारों की की जानी वाली टिप्पणी, पत्रकारों के खिलाफ होने वाले झूठे मुकदमे और उन्हें बेवजह थाने में बैठाकर किये जाने वाले उत्पीड़न पर भी चर्चा हुई। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार मुकेश गुप्ता, दीपक कुकरेजा, विकास कुमार, दुर्गेश तिवारी, अर्जुन कुमार, धर्मपाल, मुकेश कुमार मंडल, सुरेंद्र शर्मा, शुभोधुती मंडल, मोहित सुखीजा आदि पत्रकार मौजूद थे।

# औचक निरीक्षण में मेडिकल स्टोरों में मिली खामियां

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उप जिलाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक एवं औषधि/ चिकित्सा विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को सुशीला तिवारी चिकित्सालय के निकट स्थित मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान शुभ मेडिकल स्टोर एवं रेहमान मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। रेहमान मेडिकल स्टोर में प्रिस्क्रिप्शन फाइल/रजिस्टर उपलब्ध नहीं पाया गया, सीसीटीवी कैमरे स्थापित नहीं थे तथा आवश्यक अभिलेख अपूर्ण पाए गए। इसके अतिरिक्त निरीक्षण के समय फार्मासिस्ट भी उपस्थित नहीं पाया गया। जिसके क्रम में तत्काल ड्रग इंस्पेक्टर द्वारा मौके पर ही प्रतिष्ठान के औषधि क्रय विक्रय पर रोक लगायी गई। संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा दोनों प्रतिष्ठानों में औषधियों के क्रय-विक्रय अभिलेख, नियंत्रित औषधियों के रख-रखाव, लाइसेंस संबंधी अभिलेखों एवं औषधि विक्रय से संबंधित प्रावधानों की जांच की गई।



निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के संबंध में संबंधित संचालकों को आवश्यक निर्देश जारी करते हुए निर्धारित समयावधि में समस्त अभिलेख अद्यतन करने एवं कमियों का निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। मौके पर संबंधित को निर्देशित किया गया कि आमजन के स्वास्थ्य से जुड़े प्रतिष्ठानों में किसी भी प्रकार की अनियमितता को गंभीरता से लिया जाएगा।औषधियों का विक्रय केवल निधारित मानकों एवं वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप किया जाना आवश्यक है। नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

# संजय कॉलोनी में शीतल पेयजल के लिए वाटर कूलर समर्पित

पंतनगर (उद संवाददाता)। संजय कॉलोनी निवासियों की मांग और भीषण गर्मी को देखते हुए किच्छा के पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने व्यक्तिगत सहयोग से शिव मंदिर परिसर में एक नया वाटर कूलर स्थापित कराया है। जनहित से जुड़ी इस सुविधा का लोकार्पण पूर्व विधायक ने कॉलोनीवासियों की उपस्थिति में फीता काटकर किया और इसे आम जनमानस को समर्पित किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने कहा कि संजय कॉलोनी के निवासियों की समस्याओं के समाधान और क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने दोहराया कि कॉलोनी के अस्तित्व को सुरक्षित रखने और यहां निवास कर रहे लोगों के हितों की रक्षा के लिए उनका संघर्ष जारी



है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच स्वच्छ एवं शीतल पेयजल की उपलब्धता अत्यंत आवश्यक थी, जिसे देखते हुए मंदिर परिसर में यह व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि क्षेत्र के विकास कार्यों और जन समस्याओं के निराकरण के लिए उनके प्रयास आगे भी जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कॉलोनीवासियों और मंदिर समिति के सदस्यों ने पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का आभार व्यक्त किया और इसे क्षेत्र के लिए एक अत्यंत उपयोगी कदम बताया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष पिंकी डिमरी, नगर पालिकाध्यक्ष नगला सचिन शुक्ला, संदीप वर्मा, सुमित कुमार, नींबू लाल, राजू ठाकुर, हरेंद्र यादव, सावित्री देवी, अल्केश सिंह, सर्वेश राय, सचिन शर्मा, शशिकांत मिश्रा, मोनू ठाकुर, मोनू गुप्ता, राम यादव, छोटू गिरी, लक्ष्मी डिमरी, वेद प्रकाश, सुनील कुमार, अवनीश कुमार और मोनू वर्मा सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# ओलावृष्टि से हुए नुकसान का कसानों को दें मुआवजा : कैड़ा

भीमताल (उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री राम सिंह कैड़ा ने भारी बारिश से क्षेत्र के किसानों को हुए नुकसान को लेकर जिलाधिकारी से वार्ता की। उन्होंने कहा कि भीमताल विधानसभा क्षेत्र का ओखलकांडा, धारी, रामगढ व भीमताल ब्लॉक फल, सब्जी व काश्तकार बाहुल्य क्षेत्र है। यहां के ग्रामीण केवल कृषि पर निर्भर रहकर अपना जीवन यापन करते है। मंत्री कैड़ा ने जिलाधिकारी से कहा हर माह हो रही भारी ओलाबृष्टि से भीमताल विधानसभा क्षेत्र के ओखलकांडा, धारी, रामगढ व भीमताल ब्लॉको में किसानो के , पुलम, खुमानी, टमाटर, मिर्च आदि फल व फसलों को काफी नुकसान हो गया है। दो बार ओलावृष्टि होने से किसानों पर दोहरी मार पड़ गई है। उन्होंने जिलाधिकारी को जिला प्रशासन, उद्यान, कृषि विभाग के अधिकारियो को गाँव गाँव भेज किसानो की फल व फसलों को हुए नुकसान का आकलन कर किसानो को हुए नुकसान का मुवावजा देने को कहा है।



# सेवानिवृत्त होने पर विमल उप्रेती को दी विदाई

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। परिवहन विभाग में सचल दल सुतैया, पुलभट्टा में तैनात परिवहन कर अधिकारी विमल उप्रेती के सेवानिवृत्ति के अवसर पर संभागीय परिवहन कार्यालय उधम सिंह नगर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन हल्द्वानी संभाग गुरुदेव सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन, हल्द्वानी विपिन कुमार सिंह,सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन काशीपुर संदीप वर्मा, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन रुद्रपुर मोहित कोठारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन रुद्रपुर नवीन कुमार सिंह, परिवहन कर अधिकारी टनकपुर प्रमोद चौधरी सहित परिवहन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।सेवानिवृत्ति के अवसर पर श्री उप्रेती को उनके आगामी स्वस्थ, सुखमय जीवन हेतु शुभेच्छाएं दी गई तथा पुष्पगुच्छ, स्मृति चिह्न देकर तथा शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभागीय कार्मिकों द्वारा श्री उप्रेती के सेवाकाल और कार्यशैली पर प्रकाश डाला गया।




# बिना लाइसेंस संचालित होता मिला नशा मुक्ति केंद्र

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।उप जिलाधिकारी के नेतृत्व में साईं कृपा ट्रस्ट द्वारा संचालित नशामुक्ति केन्द्र का संयुक्त निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में क्षेत्राधिकारी, एसीएमओ तथा औषधि निरीक्षक सम्मिलित रहे। निरीक्षण के दौरान केन्द्र में उपलब्ध अभिलेखों, लाइसेंस संबंधी दस्तावेजों, आधारभूत सुविधाओं तथा अन्य व्यवस्थाओं का गहन परीक्षण किया गया। जांच के दौरान पाया गया कि संस्थान के पास नियमित लाइसेंस उपलब्ध नहीं है तथा केन्द्र वर्तमान में प्रोविजनल लाइसेंस के आधार पर संचालित किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त केन्द्र में कार्यरत ०५ कार्मिकों का पुलिस सत्यापन भी पूर्ण नहीं पाया गया। संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा केन्द्र में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया, जिसमें विभिन्न कमियां परिलक्षित हुईं। निरीक्षण के दौरान संस्थान प्रबंधन को उक्त कमियों को निर्धारित समयावधि में दूर करने तथा आवश्यक अभिलेखों को



अद्यतन रखने हेतु निर्देशित किया गया। उप जिलाधिकारी ने कहा कि नशामुक्ति केन्द्रों का संचालन शासन द्वारा निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुरूप होना आवश्यक है। उपचाररत व्यक्तियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण को दृष्टिगत रखते हुए किसी भी प्रकार की अनियमितता को गंभीरता से लिया जाएगा तथा आवश्यकतानुसार नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। संयुक्त निरीक्षण के आधार पर तैयार की गई विस्तृत जांच आख्या आवश्यक कार्यवाही हेतु जिलाधिकारी को प्रेषित की जा रही है। एसडीएम ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा जनहित में ऐसे संस्थानों का समय-समय पर निरीक्षण किया जाता रहेगा, जिससे नशामुक्ति केन्द्रों में गुणवत्तापूर्ण एवं सुरक्षित सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।





# Guru Maa Enterprises

RUDRAPUR - 9927882338, KASHIPUR- Ramnagar Road 8791989500, Cheema Chauraha 9927813555, HALDWANI - Tikonia 9997207007, Pilikothi 9690256666, 8126564216, HARIDWAR - 9761699704, MORADABAD - Civil Lines-7500839146, Punjab Electronics - 9837040878, GEE AAR Elc- 9719077772, Hitesh Electricals- 9897894211, Bunty Mobile- 7500000266, SAMBHAL - Aiaza Mart- 9837254639, GADARPUR - Gurunanak Enterprises, 9927850999, KICHHA - Deepak Eletronics 7017575920, ALMORA - Gupta Electronics 7895887544, LALKUAN - New Radhe Radhe 8923493000, PITHORAGHRH - Shiva Enterprises 9760633187, KOTDWAR - Shree Keshav Electronics- 9205867411, PANIPAT - 8607964000, KARNAL- 8684077000.


उत्तराखण्ड
देवभूमि उत्तराखण्ड
विकास भी, विरासत भी
श्री केदारनाथ
श्री गंगोत्री
श्री हेमकुंड साहिब
श्री बदरीनाथ
श्री यमुनोत्री
दिव्य एवं भव्य
चारधाम यात्रा
आप सभी का हार्दिक
स्वागत एवं अभिनन्दन
चारधाम मार्ग के समीप आध्यात्मिक और प्राकृतिक रत्न
1 यमुनोत्री के पास
2 केदारनाथ के पास
3 गंगोत्री के पास
4 बदरीनाथ के पास
मेरे प्यारे देशवासियों,
देवभूमि उत्तराखण्ड की पावन धरती पर चारधाम यात्रा का शुभारंभ हो गया है। बाबा केदार के दर्शन सहित चारों धामों की यह पावन यात्रा भारत की सनातन सांस्कृतिक चेतना का एक भव्य उत्सव है। जगद्गुरु आदि शंकराचार्य ने बदरीनाथ और केदारनाथ की यात्राओं से भारतीय संस्कृति को एक नई दिशा दी थी। जगद्गुरु रामानुजाचार्य और जगद्गुरु मध्वाचार्य ने भी अपने धर्मविचारों को समृद्ध करने के लिए बदरीनाथ की यात्रा की थी।
आज भी हिमालय की गोद में विराजमान ये चारों धाम हमारी शाश्वत आस्था और विश्वास के दिव्य केंद्र हैं। हर वर्ष विविध भाषाओं, परंपराओं और संस्कृतियों के लोग यहां पहुंचते हैं और एक भारत, श्रेष्ठ भारत के भाव को और अधिक सशक्त करते हैं। इस वर्ष की यात्रा भी इसी परंपरा का विस्तार है।
हमारे शास्त्रों में कहा गया है,
भाव ये है कि बड़े-बड़े यज्ञों और दान आदि से हमें अपार पुण्य प्राप्त होते हैं। और इन अनुष्ठानों से भी कहीं अधिक पुण्य, हमें तीर्थ यात्राओं से प्राप्त होता है।
विकसित भारत के संकल्प में विकसित उत्तराखण्ड की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कुछ वर्ष पहले, बाबा केदार के द्वार पर मैंने कहा था कि ये दशक उत्तराखण्ड का दशक होगा। आज उत्तराखण्ड की प्रगति इस विश्वास को साकार कर रही है। उत्तराखण्ड आज पर्यटन, आध्यात्मिकता और आर्थिक प्रगति, तीनों क्षेत्रों में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है।
पिछले कुछ वर्षों से उत्तराखण्ड में विकास का जो महायज्ञ चल रहा है, उसने चारधाम यात्रा को पहले से अधिक सुगम, सुरक्षित और दिव्य बनाया है। इससे यहां आने वाले श्रद्धालुओं, संतजनों और पर्यटकों को बहुत सुविधा हो रही है। इन सारे कार्यों में उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता का ध्यान रखने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।
मैं उत्तराखण्ड आने वाले हर अतिथि से भी कहूंगा कि वो इस नए अनुभव का आनंद जरूर लें। सभी यात्रीगण अपनी यात्रा के दौरान डिजिटल उपवास रखने और उत्तराखण्ड की प्राकृतिक सुंदरता को जीने का प्रयास भी करें। इससे आपको एक अलग संतुष्टि भी मिलेगी।
चारधाम की हर यात्रा में हम एक संकल्प लेकर अपने मूल स्थान से देवभूमि के लिए आते रहे हैं। इसी क्रम में, मैं भी आपसे पांच संकल्पों का आग्रह करना चाहता हूं,
: धाम और उसके आस पास स्वच्छता बनाए रखें। नदियों को साफ रखने के लिए अपना योगदान दें। सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त यात्रा का संकल्प लें और इस पावन धरा की गरिमा को बनाए रखें।
: हिमालय की इस दिव्य धरा के प्रति संवेदनशील रहें। प्रकृति के संतुलन को बनाए रखते हुए, एक पेड़ मां के नाम जैसे प्रयासों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें।
: पुरातन काल से हमारी तीर्थ यात्राएं सर्वजन की सेवा और सामाजिक समरसता को स्थापित करने का माध्यम रही हैं। आज भी लोग इसी सेवा भाव से तीर्थयात्रियों की सेवा करते हैं। मैं चारधाम आने वाले हर तीर्थयात्री से भी आग्रह करता हूं कि वो अपनी यात्रा के हर दिन, किसी ना किसी रूप में, लोगों की सेवा का एक काम अवश्य करें।
सहयात्रियों की सहायता करें और देश की विभिन्न जगहों से आए लोगों से जुड़ें। उनकी परंपराओं का सहभागी बनकर एक भारत, श्रेष्ठ भारत की भावना को इस यात्रा के माध्यम से सशक्त करें।
: अपने मूल स्थान से चलकर यात्रा से घर लौटने तक अपने कुल खर्च का पांच प्रतिशत हिस्सा लोकल उत्पादों को खरीदने पर जरूर खर्च करें। अगर किसी स्थानीय चीज की जरूरत इस मौसम में नहीं भी है, तो भी उसे भविष्य के इस्तेमाल के भाव से ही खरीदने का प्रयास करें।
: यात्रा के नियमों और यातायात निर्देशों का पालन करें। एक जिम्मेदार और सजग नागरिक के रूप में इस तीर्थ यात्रा को सुरक्षित और सुगम बनाएं। हम ये प्रयास करें कि हमारी यात्रा से, इस यात्रा के आयोजन और प्रबंधन में जितने भी लोग लगे हुए हैं, उन्हें कोई असुविधा ना हो।
हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में हमारे क्रिएटर्स, इन्फ्लुएंसर्स चारधाम दर्शन के लिए आने लगे हैं। मैं सभी से ये आग्रह करूंगा कि वो उत्तराखण्ड की स्थानीय कहानियों और यहां की छोटी-छोटी परंपराओं को भी जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करें।
बाबा केदार के साथ ही चारों धामों का आशीर्वाद आपके जीवन में नई ऊर्जा, नई प्रेरणा और नए संकल्पों का संचार करे। मेरी यही कामना है।
आप सभी को एक सफल, सुरक्षित, दिव्य और आत्मीय यात्रा के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।
आपका
नरेन्द्र मोदी
महत्वपूर्ण सूचना
+ यात्रा से पूर्व पंजीकरण अनिवार्य है।
+ रजिस्ट्रेशन में सही मोबाइल नम्बर दर्ज करें।
+ पंजीकरण प्रक्रिया के दौरान सटीक स्वास्थ्य जानकारी प्रदान करें।
+ सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें।
पुष्कर सिंह धामी मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड
रजिस्ट्रेशन के माध्यम
registrationandtouristcare.uk.gov.in
touristcareuttarakhand
0135-2552627
0135-2559898
touristcare.uttarakhand@gmail.com
पंच केदार
1. केदारनाथ
2. तुंगनाथ
3. रुद्रनाथ
4. मदमहेश्वर
5. कल्पेश्वर
पंच प्रयाग
1. देवप्रयाग
2. रुद्रप्रयाग
3. कर्णप्रयाग
4. नन्दप्रयाग
5. विष्णुप्रयाग
पंच बद्री
1. विशाल बद्री
2. योगदर्शन बद्री
3. भव्य बद्री
4. वृद्धा बद्री
5. आदि बद्री
केवल आधिकारिक पोर्टल के माध्यम से हेलीकॉप्टर बुकिंग करें धोखाधड़ी से सुरक्षित रहें।
www.heliyatra.irctc.co.in
चारधाम यात्रा पर आप पंच केदार, पंच प्रयाग एवं पंच बद्री के भी दर्शन कर सकते हैं।
पंच बद्री में अलग-अलग रूपों में भगवान विष्णु की पूजा की जाती है।
सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड द्वारा जनहित में जारी।
www.uttarainformation.gov.in | DIPR_UK | UttarakhandDIPR | UttarakhandDIPR

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## सीमाओं से घुसपैठ

पाकिस्तान की ओर से भारतीय सीमा में घुसपैठ और इससे जुड़ी आतंकवाद की समस्या ने भारत को किस स्तर तक नुकसान पहुंचाया है, यह छिपा नहीं है। हालांकि सीमा पर तैनात सुरक्षा बल के जवान अपनी ओर से पूरी कोशिश करते हैं कि पाकिस्तानी ठिकानों से भारत में घुसपैठ करने वालों को रोकें, गिरफ्तार करें या फिर जरूरत पड़ने पर उन्हें निशाना बनाया जाए। विडंबना यह है कि आज भी सीमा पर भारत को अक्सर घुसपैठ और आतंकी हमलों का सामना करना पड़ता है।इसकी एक बड़ी वजह सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था के तार और निगरानी का तंत्र अपेक्षित स्तर पर मजबूत न होने को माना जाता रहा है। फिर सीमा पर स्थित रिहाइशी इलाकों में भी कई बार आतंकी सूत्रों से जुड़े लोगों की पहचान नहीं पाने के अपने जोखिम हैं। शायद यही वजह है कि गृहमंत्री अमित शाह ने साफ लहजे में पाकिस्तान सीमा के आसपास सुरक्षा के लिहाज से सख्त नीति अपनाने को कहा है। गौरतलब है कि राजस्थान के सीमावर्ती इलाके के आसपास के जिलों में सुरक्षा को लेकर गृहमंत्री अमित शाह ने उच्चस्तरीय बैठक में भारत और पाकिस्तान सीमा के आसपास चौतरफा सुरक्षा योजना के तहत कई अहम निर्देश दिए हैं। इसके मुताबिक, अब सीमा से पंद्रह किलोमीटर तक के क्षेत्र में हर अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और शून्य सहनशीलता की नीति के तहत ऐसे निर्माणों को ध्वस्त किया जाएगा।इस सख्ती की वजह मुख्य रूप से राजस्थान के सीमाई इलाके के जिलों में घुसपैठ, मादक पदार्थों की तस्करी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों पर पूरी तरह रोक लगाना है। यह छिपा नहीं है कि सीमा से सटे क्षेत्र में पाकिस्तान की ओर से अलग-अलग रूप में होने वाली घुसपैठ अंतिम तौर पर भारत में आतंकवाद की जड़ों को मजबूत करती है।खासतौर पर सीमावर्ती इलाकों में अवैध रूप से रहने वाले कुछ लोग कई बार आतंकियों के लिए अप्रत्यक्ष सहायक के रूप में काम करते हैं। इनमें से कई लोग भ्रष्टाचार का सहारा लेकर न केवल स्थानीयता का फर्जी दस्तावेज बनवा लेते हैं, बल्कि संदिग्ध वित्तीय लेनदेन, अवैध गतिविधियों और सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी में भी लिप्त होते हैं। यह अकारण नहीं है कि आतंकवाद के खिलाफ चलने वाले अभियान के सामने अक्सर आंतरिक मोर्चों पर खड़ी जटिलताएं एक बड़ी चुनौती होती हैं। दरअसल, पाकिस्तान स्थित ठिकानों से अपनी गतिविधियां संचालित करने वाले आतंकी संगठनों ने सीमावर्ती इलाकों में अपना नेटवर्क खड़ा करने के लिए स्थानीय आबादी में घुसपैठ करके अपनी जगह बनाने को एक ढांचे के रूप में विकसित किया है। इसके अलावा, वे कारोबारी प्रतिष्ठानों से संपर्क साध कर भी आतंकी संगठनों के वित्तपोषण का एक संजाल खड़ा करते हैं। पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को शह देने का मुद्दा कई बार अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में भी उठ चुका है। पिछले वर्ष पहलगाम में पर्यटकों पर हमले से लेकर आतंकी वारदात की एक लंबी श्रृंखला रही है। इस लिहाज से देखें, तो सीमावर्ती इलाकों में आतंकी तत्त्वों या उनके लिए सहयोगी के रूप में काम करने वाले तंत्र के खिलाफ सख्ती एक जरूरी कार्रवाई है।

# 1170 अग्निवीरों ने लिया मातृभूमि की रक्षा का संकल्प

अल्मोड़ा/रानीखेत। ऐतिहासिक सोमनाथ मैदान शनिवार को देशभक्ति के रंग में सराबोर नजर आया, जब कुमाऊँ रेजिमेंटल सेंटर (केआरसी) में प्रशिक्षित 1170 अग्निवीरों ने भव्य पासिंग आउट परेड में हिस्सा लेकर मातृभूमि की रक्षा का संकल्प लिया। "भारत माता की जय" के गगनभेदी नारों के बीच अग्निवीरों के सातवें बैच ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा कर भारतीय सेना का हिस्सा बनने का गौरव प्राप्त किया।करीब छह माह एवं 31 सप्ताह के कठोर, अनुशासित और चुनौतीपूर्ण सैन्य प्रशिक्षण के बाद अग्निवीरों ने अंतिम पग कार्यक्रम के तहत सेना की वर्दी धारण कर राष्ट्र सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बहादुरगढ़ द्वार से कदमताल करते हुए सोमनाथ मैदान पहुंचे अग्निवीरों का परिजनों, अभिभावकों और उपस्थित लोगों ने उत्साहपूर्वक स्वागत किया। पूरे परिसर में देशभक्ति के नारों की गूंज सुनाई दी।परेड समारोह की शुरुआत धर्म गुरुओं द्वारा अग्निवीरों को देश रक्षा की शपथ दिलाने के साथ हुई। इसके बाद जवानों ने शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत करते हुए अपने अनुशासन, सैन्य कौशल



और दक्षता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। परेड की सलामी केआरसी के कमांडेंट ब्रिगेडियर विजयंत महादिक ने ली।इस अवसर पर ब्रिगेडियर विजयंत महादिक ने अग्निवीरों और उनके परिजनों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारतीय सेना में भर्ती होना गौरव, सम्मान और सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान अर्जित अनुशासन, समर्पण और कर्तव्यनिष्ठा ही सैनिक जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है।केआरसी मुख्यालय स्थित ऐतिहासिक सोमनाथ मैदान के इतिहास में शनिवार का दिन एक और गौरवशाली अध्याय के रूप में दर्ज हो गया। वीरता और परंपराओं से समृद्ध कुमाऊँ रेजिमेंट की बैंडधुन पर कदम मिलाते हुए अग्निवीरों ने भारतीय सेना में अपने नए सफर की शुरुआत की।परेड के बाद अग्निवीरों में विशेष उत्साह देखने को मिला। सेना का हिस्सा बनने की खुशी उनके चेहरों पर साफ झलक रही थी। वहीं, दूर-दूर से पहुंचे परिजनों के लिए यह क्षण भावुक और गर्व से भर देने वाला रहा। अपने बेटों और भाइयों को सेना की वर्दी में देखकर उनके चेहरे खुशी और गर्व से दमक उठे। समारोह में डिप्टी कमांडेंट कर्नल प्रभु रामदास वामन, प्रशिक्षण बटालियन कमांडर कर्नल मोहित वर्मा, कैप्टन रोबिन, सूबेदार मेजर राजेश कुमार, सूबेदार प्रकाश चंद, पंकज कुमार, हवलदार भगत सिंह, अल्का कौशिक सहित अनेक सैन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। परेड के उपरांत सभी अग्निवीरों को कुमाऊँ एवं नागा रेजिमेंट की विभिन्न पलटनों में तैनाती के लिए भेजा जाएगा।

# काशीपुर और किच्छा से दो युवतियां लापता

उधमसिंहनगर। घर से दवाई लेने गई एक युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने भाई की तहरीर पर युवती की गुमशुदगी दर्ज की है। कटोराताल चौकी क्षेत्र निवासी एक युवक ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी 21 वर्षीय बहन बीती 19 मई की सुबह करीब 10 बजे दवाई लेने गई थी जो अब तक वापस नही आयी है। उसकी हर संभव तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवती की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। **किच्छा** कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने अपनी 22 वर्षीय पुत्री के लापता होने की शिकायत पुलिस को दी है। तहरीर में बताया गया है कि 29 मई की रात युवती घर में सो रही थी। देर रात जब परिजनों की आंख खुली तो वह अपने बिस्तर पर नहीं मिली। परिजनों ने आसपास काफी तलाश की, लेकिन युवती का कोई पता नहीं चल सका। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि क्षेत्र का एक युवक युवती को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि युवती घर से लगभग 40 हजार रुपये नकद, सोने के जेवर तथा चांदी की पायल भी साथ ले गई है। परिजनों का कहना है कि युवती और युवक से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी। इसके बाद पीड़ित परिवार ने कोतवाली किच्छा में तहरीर देकर युवती की बरामदगी तथा मामले में कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# कार की टक्कर से युवक घायल

किच्छा। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गिद्दपुरी निवासी हिमांशु ने पुलिस को तहरीर देकर एक कार चालक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। तहरीर के अनुसार 3 मई 2026 की रात करीब 9:30 बजे उनका भाई राजकुमार दरऊ चौराहे स्थित अपनी दुकान बंद कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था। इसी दौरान पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजकुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र किच्छा पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इसके बाद उसका उपचार रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल में किया गया, जहां वह करीब एक सप्ताह तक आईसीयू में भर्ती रहा। बाद में उसे दिल्ली के अपोलो अस्पताल रेफर किया गया। परिजनों के अनुसार चिकित्सकों ने राजकुमार का इलाज अभी लगभग एक वर्ष तक चलने की बात कही है तथा प्रत्येक 15 दिन में नियमित जांच कराने के निर्देश दिए हैं। आरोप है कि दुर्घटना के बाद कार चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। पीड़ित पक्ष ने कोतवाली किच्छा में तहरीर देकर आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# खाटू श्याम बाबा की निकली भव्य निशान यात्रा

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। बाबा श्री खाटू श्याम जी के प्रति श्रद्धा, आस्था और भक्ति का अद्भुत संगम उस समय देखने को मिला जब शहर में भव्य निशान यात्रा का आयोजन किया गया। हजारों श्रद्धालुओं की सहभागिता से निकली इस यात्रा ने पूरे शहर को श्याममय बना दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा बाबा के जयकारे लगाए गए तथा भक्ति गीतों और भजनों से वातावरण भक्तिमय हो उठा। बाबा श्री खाटू श्याम जी का निशान धारण कर भाजपा नेता प्रमोद मित्तल एडवोकेट ने अपने परिवार सहित यात्रा में सहभागिता की तथा श्याम भक्तों के साथ भजनों पर झूमते हुए बाबा का गुणगान किया। यात्रा के दौरान उन्होंने बाबा से क्षेत्रवासियों के सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य एवं खुशहाली की प्रार्थना की। निशान यात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों द्वारा पुष्पवर्षा कर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों एवं बच्चों सहित सभी आयु वर्ग के श्रद्धालु बाबा की भक्ति में लीन दिखाई दिए। भजनों की मध



ुर स्वर लहरियों और हारे का सहारा, बाबा श्याम हमाराष्के जयघोष से पूरा वातावरण भक्तिरस में डूबा रहा।यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। बाबा के प्रति अटूट आस्था और विश्वास के साथ बड़ी संख्या में भक्तों ने निशान अर्पित कर अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति की प्रार्थना की। धार्मिक सौहार्द, श्रद्धा और भक्ति का यह भव्य आयोजन लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बना रहा। प्रमोद मित्तल ने कहा कलयुग में बाबा श्री खाटू श्याम जी अपने भक्तों के लिए साक्षात हारे के सहारे हैं। जो भी श्रद्धालु सच्चे मन, पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ बाबा के दरबार में आता है, बाबा उसकी मनोकामनाएं अवश्य पूर्ण करते हैं। बाबा श्याम की कृपा से भक्तों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली का संचार होता है। निशान यात्रा में खाटू श्याम मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, महामंत्री शिव प्रकाश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष प्रवीण गोयल, अमित बंसल, रमेश जायसवाल, कैलाश अग्रवाल, राजेश श्यामपुरा, राधेश्याम अग्रवाल, सुरेश मित्तल, जतिन अग्रवाल, अमन गुप्ता, संजय गुप्ता, अभिनव, सुन्दर लाल, रुचि जायसवाल, दीपा गुप्ता, माधुरी शर्मा, भावना बिष्ट, लालता बिष्ट सहित बड़ी संख्या में श्याम भक्त एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने बाबा श्री खाटू श्याम जी के जयकारों के साथ निशान यात्रा को भव्य एवं सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

# ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट का शुभारंभ

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।6 वीं रुद्रपुर ओपन रैपिड चेस टूर्नामेंट का शुभारंभ वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने किया। जेपीएस पब्लिक स्कूल के सभागार में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में उन्होंने खिलाड़ियों के साथ पहला मूव खेला। उन्होंने कहा कि शतरंज का खेल आज देश भर में लोकप्रिय होता जा रहा है। देश के कई खिलाड़ी अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं और देश का नाम रोशन



कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रतिभाओं की कमी नहीं है। गांव और छोटे शहरों से निकलकर युवा खेलों में बढ़-चढ़कर मुकाम हासिल कर रहे हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। प्रतियोगिता में उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, दिल्ली के 140 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं।राघव चेस एकेडमी के तत्वावधान में यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।इस दौरान आयोजक सुमित बांगा,प्रमेश अरोड़ा, दिलीप साहू आदि मौजूद थे।

# ऐच्छिक ब्यूरो की सुनवाई में तीन समझौते व आठ में मुकदमा दर्ज करने के आदेश


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। महिलाओं के उत्पीड़न से संबंधित प्रार्थना पत्रों एवं प्रकरणों में त्वरित जांच एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टी.सी. द्वारा जनपद पुलिस को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। इसी क्रम में शनिवार को पुलिस बहुद्देशीय भवन में महिला ऐच्छिक ब्यूरो का मासिक काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। काउंसलिंग सत्र की अध्यक्षता एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टी. सी. द्वारा की गई।इस दौरान ऐच्छिक ब्यूरो के सदस्य डॉ. रश्मि पंत (मनोवैज्ञानिक एवं काउंसलर, महिला डिग्री कॉलेज हल्द्वानी), डॉ. प्रभा पंत (शिक्षाविद एवं विभागाध्यक्ष, एमबीपीजी कॉलेज हल्द्वानी) तथा राम सिंह बसेड़ा (अधिवक्ता एवं पूर्व अध्यक्ष, बार एसोसिएशन हल्द्वानी) उपस्थित रहे। उप निरीक्षक सुनीता कुंवर, प्रभारी महिला समाधान केंद्र हल्द्वानी द्वारा कुल 14 प्रकरण ऐच्छिक



ब्यूरो के समक्ष प्रस्तुत किए गए। सभी मामलों में दोनों पक्ष काउंसलिंग हेतु उपस्थित हुए तथा उनकी समस्याओं एवं पक्षों को विस्तारपूर्वक सुना गया। काउंसलिंग का के पश्चात 08 मामलों में मुकदमा दर्ज करने के आदेश जारी किए गए वहीं 03 मामलों में दोनों पक्षों के मध्य आपसी सहमति से समझौता कराया गया। जबकि 03 मामलों को अग्रिम आदेश हेतु न्यायालय को अग्रसारित किया गया। एसएसपी ने बताया कि पुलिस द्वारा महिलाओं की सुरक्षा, न्याय दिलाने एवं पारिवारिक विवादों के शांतिपूर्ण समाधान हेतु निरंतर संवेदनशील एवं प्रभावी कार्यवाही की जा रही है।

# काशीपुर में जल जमाव से स्थिति नारकीय

काशीपुर। शनिवार की शाम अंधड़ के साथ कुछ देर तक हुई तेज बरसात ने नगर निगम के बड़े-बड़े दावों की पोल खोल दी। राष्ट्रीय राजमार्ग समेत शहर की घनी आबादी वाले मोहल्लों तथा मुख्य बाजार में व्यापक जल जमाव की स्थिति पैदा हो गई फल स्वरुप लोगों को सड़कों पर जमा मल मूत्र युक्त पानी से होकर गुजरना पड़ा। जातव्य है कि पिछले कुछ दिनों से प्रचंड गर्मी के कारण जनजीवन बेहाल है। नौतपा के कारण आसमान से बरस रही आग के बीच अचानक शनिवार को अपराह्न बाद मौसम ने रुख बदला और तेज हवाओं के साथ कुछ देर तक हुई झमाझम बारिश के कारण मौसम कूल कूल हो गया। अचानक बदली मौसम की मिजाज से जहां एक और लोगों ने प्रचंड गर्मी से राहत की सांस ली वही शहर की स्थिति जल जमाव के कारण एक बार फिर नारकीय हो गई। स्टेशन रोड, कोर्ट रोड, काजी बाग कटोरा ताल



रतन रोड में बाजार आवास विकास समेत शहर के तमाम पॉश इलाके व घनी आबादी वाले मोहल्लों में जल जमाव के कारण स्थिति नारकीय हो गई। मामूली बरसात में जल जमाव के कारण नालियों का मल मूत्र युक्त पानी सड़कों पर जमा होकर बहने लगा फल स्वरुप आवागमन करने वाले लोगों एवं वाहन चालकों को गंदे पानी होकर गुजरना पड़ा। नगर क्षेत्र के अधिकांश मार्ग जर्जर होने के कारण गंभीर दुर्घटनाओं का खतरा बना है। चीमा चौराहा कोर्ट रोड कुंडेश्वरी रोड रामनगर रोड राजकीय चिकित्सालय के सामने आदि महत्वपूर्ण मार्गों/स्थानों पर उभर आए बड़े-बड़े गड्ढों के कारण गंभीर दुर्घटनाओं का अंदेशा बना रहता है। इसी तरह रामलीला गेट से फ्लाईओवर शुरू होने तक सड़क पूरी तरह टूटी हुई है।

# कस्बे में सीवर का गंदा पानी बहता देख बिफरे डीएम अंशुल सिंह

## पनुवानौला का औचक निरीक्षण, सीवर लाइन के लिए बनेगी डीपीआर

पनुवानौला (अल्मोड़ा)। जनपद के विकास और व्यवस्थाओं को पटरी पर लाने के लिए डीएम अंशुल सिंह पूरी तरह एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। जिलाधिकारी ने प्रशासनिक अमले के साथ पनुवानौला कस्बे का औचक पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने पनुवानौला गोल्ज्यु मंदिर से लेकर वन विभाग की जागेश्वर रेंज चौकी तक मुख्य बाजार की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। पैदल भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी ने स्थानीय जनता और व्यापारियों से सीधे संवाद कर उनकी जनसमस्याओं को सुना और मौके पर मौजूद अधिकारियों को उनके त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।पैदल भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी अंशुल सिंह उस समय बेहद नाराज दिखे, जब उन्होंने देखा कि कस्बे के कई हिस्सों में सीवर का गंदा पानी खुलेआम बह रहा है। स्थानीय लोगों और व्यापारियों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे नालियों में सीवर का पानी बहाए जाने पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि इस तरह खुले में सीवर बहाकर पर्यावरण और जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्थानीय लोगों को अविलंब इस पर रोक लगाने की हिदायत दी और चेतावनी दी कि यदि तय समय सीमा के भीतर सीवर की स्थिति ठीक नहीं की गई, तो संबंधित उत्तरदायियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।कस्बे में सीवर और जलभराव की इस गंभीर समस्या के स्थायी समाधान के लिए जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दूरगामी कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पनुवानौला की भौगोलिक स्थिति और भविष्य की जरूरतों को देखते हुए



एक सुव्यवस्थित सीवर लाइन योजना तैयार करने को कहा। इसके लिए उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को जल्द से जल्द एक विस्तृत कार्ययोजना यानी डीपीआर तैयार कर शासन को भेजने का निर्देश दिया, ताकि कस्बे को इस बड़ी समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल सके।पनुवानौला बाजार की दूसरी सबसे बड़ी समस्या रोज-रोज लगने वाला भारी ट्रैफिक जाम है। इस समस्या के समाधान के लिए प्रशासन द्वारा पनुवानौला मुख्य बाजार से लेकर वन विभाग चौकी तक एक बाईपास या लिंक मार्ग प्रस्तावित किया गया है। जिलाधिकारी ने इस प्रस्तावित मार्ग के निर्माण में आ रही अड़चनों की समीक्षा की। उन्होंने वन भूमि हस्तांतरण के मामले को बेहद गंभीरता से लेते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे आपसी समन्वय बनाकर इस प्रक्रिया को तीव्र गति से आगे बढ़ाएं, ताकि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू कर जनता को जाम से मुक्ति दिलाई जा सके।बाजार क्षेत्र में साफ-सफाई की लचर व्यवस्था और जगह-जगह बिखरे कूड़े को देखकर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने कूड़े की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत के अधिकारियों को कड़े निर्देश जारी किए। जिलाधिकारी ने कहा कि बाजार क्षेत्र से नियमित रूप से कूड़े का उठान सुनिश्चित किया जाए और उसके वैज्ञानिक निस्तारण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। उन्होंने साफ किया कि स्वच्छता के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। पैदल भ्रमण के दौरान क्षेत्र के तमाम आला अधिकारी भी मौके पर मौजूद रहे, जिनमें उपजिलाधिकारी (एसडीएम) भनोली सौम्या गर्बयाल, तहसीलदार भनोली ज्योति धपवाल, डीएफओ अल्मोड़ा (सिविल सोयम) प्रदीप कुमार धौलाखण्डी, एआरटीओ अल्मोड़ा अखिलेश चौहान, थानाध्यक्ष दन्यां दिनेश नाथ महंत और चौकी प्रभारी कमित जोशी शामिल थे। इसके अलावा पनुवानौला व्यापार मंडल के पदाधिकारी और भारी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी इस दौरान अपनी समस्याएं रखने के लिए उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार ने लगायी ग्राम चौपाल, सुनीं ग्रामीणों की समस्याएं

चम्पावत। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के आदर्श चम्पावत बनाने की दिशा में तथा सरकार जनता के द्वार विजन को साकार करते हुये जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार द्वारा शनिवार को विकासखंड चम्पावत के ग्राम पंचायत श्याला में स्थित सिद्धपीठ बाबा मंदिर परिसर में चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गईं तथा उनके समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को जिलाधिकारी के समक्ष रखा। ग्रामवासियों की ओर से दीपा जोशी ने ग्रामीणों की प्रमुख समस्याओं से अवगत कराते हुए जंगली जानवरों से फसलों की सुरक्षा हेतु घेरबाड़ की व्यवस्था किए जाने की मांग उठाई। इसके अतिरिक्त ग्रामीणों ने विद्युत, पेयजल एवं



सड़क संबंधी समस्याओं के समाधान की मांग की। ग्रामीणों द्वारा सिद्धपीठ बाबा मंदिर के सौंदर्यीकरण तथा मंदिर परिसर में स्थापित ट्रांसफार्मर को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने का भी अनुरोध किया गया।जिलाधिकारी ने सभी मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान राजकीय इंटर कॉलेज सूखीढ़ाग की कक्षा 12वीं की टॉपर छात्रा पूर्णिमा आर्या ने उच्च शिक्षा के लिए सरकारी सहायता उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। जिलाधिकारी ने छात्रा को हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।चौपाल में उपस्थित शंकर जोशी ने सूखीढ़ाग स्थित शिशु मंदिर विद्यालय के शेष निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण कराने की मांग रखी। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को विद्यालय भवन निर्माण हेतु शीघ्र एस्टीमेट तैयार कर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिया ।इस अवसर पर जनपद में संचालित "नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त देवभूमि" अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के उद्देश्य से जिला प्रशासन की अभिनव पहल के तहत जिलाधिकारी श्री मनीष कुमार ने "माननीय मुख्यमंत्री संस्कृति संवर्धन पहल ख्र कला, परंपरा और पहचान" कार्यक्रम के अंतर्गत गौरा मैया कीर्तन मंडली, जौल को संस्कृति संवर्धन किट प्रदान की। कार्यक्रम के माध्यम से लोक संस्कृति, भजन- कीर्तन, पारंपरिक कला, सामाजिक सहभागिता एवं जनजागरूकता को बढ़ावा दिया जा रहा है।इस दौरान महिला कीर्तन मंडली की सदस्याओं ने मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस अभिनव पहल से लोक संस्कृति को नई ऊर्जा मिल रही है तथा महिलाओं को अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का सशक्त मंच प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी अशोक अधिकारी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल, संबंधित राजस्व उपनिरीक्षक (पटवारी), श्रीमती दीपा जोशी, श्रीमती रेनू सामंत, श्रीमती द्रोपती देवी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पेज एक का शेष...

**लोगां को प्रेरणा देने वाला........**और राष्ट्रहित के कार्यों से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रधान मंत्री के नेतृत्व में विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम के दौरान आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नवाचार, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों पर प्रधानमंत्री द्वारा दिए जा रहे संदेशों की भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये संदेश समाज में सकारात्मक बदलाव और जनजागरूकता को नई दिशा प्रदान कर रहे हैं। श्री धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का मन की बात कार्यक्रम देश के करोड़ों लोगों को प्रेरणा देने वाला मंच बन चुका है। कार्यक्रम में युवा शक्ति, खेल प्रतिभाओं, नवाचार और जनभागीदारी पर दिए गए विचार अत्यंत प्रेरणादायक हैं। विकसित भारत के निर्माण में हमारे युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और नवाचार की भावना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रधानमंत्री जी द्वारा आत्मनिर्भर भारत, पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे आह्वान समाज में सकारात्मक परिवर्तन के वाहक बन रहे हैं। हमें इन संदेशों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देना चाहिए।

**अस्थायी रूप से रोकी..........**रोका गया है। कहा कि पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, डीडीआरएफ और अन्य राहत एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। मौसम सामान्य होते ही यात्रा को सुचारू किया जाएगा। उधर, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा लगातार मौसम और यात्रा मार्गों की निगरानी कर रहे हैं। सोनप्रयाग, गौरीकुंड सहित संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि मौसम सामान्य होने तक किसी भी यात्री को आगे न जाने दिया जाए। वहीं कंट्रोल रूम से सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से यात्रा मार्गों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

**पांच जिलों में अलर्ट......**मौसम विभाग के अनुसार मुक्तेश्वर, जागेश्वर धाम, लोहाघाट, भीमताल, गंगोलीहाट, बेरीनाग और आसपास के क्षेत्रों में मौसम का प्रभाव अधिक देखने को मिल सकता है।इन इलाकों में अचानक मौसम खराब होने, दृश्यता कम होने और सड़क यातायात प्रभावित होने की संभावना जताई गई है।संभावित खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन ने स्थानीय लोगों, पर्यटकों और यात्रियों से अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। खुले मैदानों, ऊंचे पेड़ों और बिजली के खंभों के आसपास खड़े न होने की सलाह दी गई है।पर्वतीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं।

**दबंगों ने फायरिंग कर..........**की रात्रि ट्रांजिट कैप के मौहल्ला शिवनगर वार्ड 9 में बाईक व स्कूटी पर सवार करीब आधा दर्जन दबंग युवकों ने हवाई फायर करते हुए कुछ घरों पर ईट बरसाई और गाली गलौच करते धारदार हथियार दिखाते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। मामले की सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे लेकिन तब तक सभी युवक भाग चुके थे। पुलिस ने उनकी काफी देर तक तलाश भी की। मौहल्ला शिवनगर के निवासियों ने बताया कि यहां पिछले काफी समय से तमंचे और धारदार हथियारों से लैस कुछ युवक गाड़ियों पर सवार होकर आते हैं और लोगों को धमकाते रहते हैं ।उन्होंने बताया कि शनिवार की रात्रि स्कूटी और बाईक पर सवार करीब आधा दर्जन युवक तमंचे और धारदार हथियारों से लैस होकर आये और उन्होंने एक घर के आगे हवाई फायर कर दिया। गनीमत रही घर पर खड़े किसी व्यक्ति को गोली नहीं लगी। इसके बाद युवकों ने धारदार हथियार से घर और शटर पर प्रहार कर गाली गलौच करते हुए धमकियां देनी शुरू कर दी। इसी दौरान लोगों के इकट्ठे हाने पर वह चले गये परंतु कुछ ही देर बाद फिर लौट आये और धमकी देने लगे। मौहल्लेवासियों का आरोप है कि इन दबंग युवकों ने चार बार आकर अन्य कई घरों में भी जाकर लोगों को धमकाया। एक घर में जाकर महिला को कहा कि उसके पुत्र के पास पांच दिन का समय बचा है इसके बाद उसे खत्म कर देंगे। बताया जाता है कि यह युवक रोजाना आकर धमकियां दे रहे हैं। इस सन्दर्भ में एसएसपी कार्यालय व ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पुलिस से कई बार कार्रवाई की मांग की जा चुकी है परंतु पुलिस इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिससे लोगों का पुलिस पर से विश्वास उठता जा रहा है। आज उन्हें भय के साये में परिवार के साथ जीने को मजबूर होना पड़ रहा है।

**मांस फैकने का आरोपी..........**और बकरे के अवशेष मलवा पवित्र भगवान बाल्मीकि मन्दिर के मुख्य गेट पर फेंका दिया। बताया कि कालोनी के लोगो के विरोध करने अजीम गाली गलौच व जान से मारने की धमकी दी। आरोप है कि बाद में उत्तराखंड पुलिस में हूं मेरा कुछ नहीं बिगाड सकते। उसके इस कृत से समाज में दंगा जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। उन्होंने पुलिस से आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कार्रवाई की मांग की। कोतवाल प्रकाश दानू ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है और उसे गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया गया।

**मंत्री की गाड़ी पर गिरा बोल्डर.........** पर अचानक पहाड़ी से एक भारी-भरकम बोल्डर सीधे उनकी चलती कार के बोनट पर आ गिरा। बोल्डर गिरते ही कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और शीशा टूट गया। अचानक हुए इस हादसे के बावजूद चालक ने अपना आपा नहीं खोया और सूझबूझ का परिचय देते हुए तत्काल ब्रेक लगाकर गाड़ी पर नियंत्रण पाया। वाहन के रुकते ही सुरक्षाकर्मियों ने फुर्ती दिखाते हुए महाराज और उनकी पत्नी अमृता रावत को सुरक्षित नीचे उतारा और काफिले में मौजूद दूसरे वाहन से उन्हें देहरादून के लिए रवाना किया।

**ड्यूटी के दौरान पुलिस.......**टेक चंद के निधन की सूचना मिलते ही पूरे उत्तराखंड पुलिस विभाग तथा नैनीताल जनपद पुलिस में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें एक कर्तव्यनिष्ठ, अनुशासित और समर्पित पुलिसकर्मी बताते हुए गहरी संवेदना व्यक्त की। करीब 35 वर्षों के अपने गौरवशाली सेवाकाल में टेक चंद ने पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ पुलिस विभाग की सेवा की। उनके निधन को पुलिस विभाग के लिए अपूरणीय क्षति माना जा रहा है। रविवार को हल्द्वानी स्थित मोर्चरी पहुंचकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टी. सी. सहित अन्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिवंगत पुलिसकर्मी को पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान अधिकारियों ने शोक संतप्त परिवार से मुलाकात कर उन्हें सांत्वना दी। एसएसपी नैनीताल डॉ. मंजूनाथ टी.सी. ने कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा पुलिस विभाग दिवंगत के परिवार के साथ खड़ा है और हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। दिवंगत मुख्य आरक्षी चालक टेक चंद के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक निवास बाजपुर ले जाया जा रहा है, जहां पुलिस नियमों के तहत उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर देकर पूरे राजकीय सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जाएगी।

**रीठा साहिब जा रहे.......** पुलिस ने पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की असमय मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है, जबकि गांव में भी शोक की लहर व्याप्त है। मृतक अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गया है।

**नैनों से नैना मिले.........**सहज मुस्कान और आत्मीयता से अंदाजा लगाया जा रहा है कि अब रिश्तों में आई कड़वाहट पीछे छूट चुकी है। भाजपा नेतृत्व ने समय रहते स्थिति को संभालते हुए यह स्पष्ट संदेश दिया है कि पार्टी में व्यक्तिगत मतभेदों से अधिक महत्व संगठन की एकजुटता को दिया जाएगा।

# एसएसपी ने जिले के 13 उप निरीक्षकों के कार्य क्षेत्र बदले

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने पुलिस व्यवस्थाओं को और पुख्ता करने के लिए जनपद के तेरह उप निरीक्षकों का तबादला कर उन्हें तत्काल कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए हैं। मिली जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक अनुराग सिंह को कोतवाली खटीमा से वरिष्ठ उप निरीक्षक कोतवाली किच्छा, उप निरीक्षक सुरेन्द्र प्रताप बिष्ट को पुलिस लाइन रुद्रपुर से ए०एन०टी०एफ० रुद्रपुर, उप निरीक्षक विजय सिंह को शिकायत प्रकोष्ठ पुलिस कार्यालय से प्रभारी चौकी कलकत्ता फार्म, उप निरीक्षक मोहन चन्द्र जोशी को चौकी बगवाड़ा से कोतवाली रुद्रपुर, उप निरीक्षक प्रदीप शर्मा को पुलिस लाइन रुद्रपुर से कोतवाली गदरपुर, उप निरीक्षक नरेश पंत को पुलिस लाइन रुद्रपुर से चौकी रम्पुरा, उप निरीक्षक दीपक कौशिक को डीसीआरबी से एस०ओ०जी० रुद्रपुर, उप निरीक्षक प्रदीप पंत को थाना पुलभट्टा से प्रभारी चौकी आदर्श कालोनी रुद्रपुर, उप निरीक्षक ओम प्रकाश को प्रभारी चौकी कलकत्ता फार्म से थाना पुलभट्टा, उप निरीक्षक सौरभ भारती को कोतवाली ट्रांजिट कैम्प से प्रभारी चौकी शिवराजपुर पट्टी, उप निरीक्षक जितेन्द्र सिंह खत्री को प्रभारी चौकी बाजार से कोतवाली ट्रांजिट कैम्प, महिला उप निरीक्षक नीलम मेहरा को कोतवाली किच्छा से कोतवाली रुद्रपुर तथा उप निरीक्षक प्रदीप कोहली को प्रभारी चौकी शिवराजपर पट्टी से प्रभारी चौकी बाजार स्थानांतरित किया गया है।

# बारिश से जगह जगह हुआ जलभराव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। शनिवार की सायं नगर में हुई बरसात ने जहां लोगों को भीषण गर्मी से राहत पहुंचाई तो वहीं जगह जगह हुए जलभराव व घंटों विद्युत कटौती से परेशानिया भी दीं। तेज हवाओं के साथ ज्यों ही बरसात शुरू हुई अचानक बिजली गुल हो गई जो करीब चार घंटों के बाद बहाल हो सकी। तेज अंधड़ के साथ मूसलाधार बरसात शुरू होते ही सड़क किनारे कारोबार करने वाले दुकानदार जल्दी में अपना सामान समेटने में जुट गये। वहीं कुछ देर की इस बरसात से रोडवेज परिसर, डीडी चौक, त्रिशूल चौक, अग्रसेन चौक, गाबा चौक, काशीपुर बाईपास रोड़, गंगापुर रोड़ सहित कई मार्गों व आवासीय कालोनियों में जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। हालांकि नगर निगम प्रशासन द्वारा सभी नालियों में तलीझाड़ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिससे अनेक स्थानों पर होने वाले जल भराव से छुटकारा मिल सका है। बरसात के बाद मौसम में आये परिवर्तन से लोगों ने काफी राहत महसूस की है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# ऐतिहासिक होगा राहुल गांधी का उत्तराखण्ड दौराः हिमांशु गावा

## अल्मोड़ा की जनसभा में उधम सिंह नगर से भी पहुंचेंगे हजारों कांग्रेस कार्यकर्ता



रुद्रपुर (उद संवाददाता)। कांग्रेस सांसद एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का आगामी उत्तराखण्ड दौरा प्रदेश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित होगा। यह दौरा न केवल कांग्रेस संगठन को नई मजबूती प्रदान करेगा, बल्कि आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति तय करने में भी अहम भूमिका निभाएगा। यह बात कांग्रेस जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने पत्रकार वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि राहुल गांधी का दो दिवसीय उत्तराखण्ड दौरा पूरी तरह तय हो चुका है। चार जून को राहुल गांधी अल्मोड़ा में आयोजित विशाल जनसभा और रैली को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में कांग्रेस के कई वरिष्ठ केंद्रीय एवं प्रदेश स्तरीय नेता भी शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि कुमाऊं मंडल के विभिन्न जिलों से हजारों कार्यकर्ता रैली में भाग लेने पहुंचेंगे और इसे ऐतिहासिक बनाने के लिए पार्टी कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ जुटे हुए हैं। उन्होंने कहा कि उधम सिंह नगर जनपद से भी हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी अल्मोड़ा के लिए रवाना होंगे। इसके लिए पार्टी संगठन ने व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रत्येक ब्लॉक, नगर और बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कार्यकर्ताओं से लगातार संपर्क किया जा रहा है और रैली में अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बैठकें आयोजित की जा रही हैं। जिलाध्यक्ष गावा ने कहा कि राहुल गांधी के प्रति युवाओं, महिलाओं, किसानों और आम कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यकर्ता इस रैली को लेकर बेहद उत्साहित हैं और बड़ी संख्या में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तैयारियां कर रहे हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि अल्मोड़ा की यह रैली उत्तराखण्ड की अब तक की सबसे बड़ी राजनीतिक सभाओं में से एक साबित होगी। उन्होंने बताया कि अल्मोड़ा में कार्यक्रम के बाद राहुल गांधी उसी दिन अपराह्न करीब साढ़े तीन बजे पौड़ी पहुंचेंगे, जहां वह पूर्व सैनिक सम्मेलन में भाग लेंगे। इस सम्मेलन में वह पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों से सीधा संवाद करेंगे तथा उनसे जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड वीर सैनिकों की भूमि है और यहां बड़ी संख्या में सैनिक एवं पूर्व सैनिक परिवार रहते हैं। ऐसे में राहुल गांधी का यह कार्यक्रम विशेष महत्व रखता है। हिमांशु गावा ने बताया कि पांच जून को राहुल गांधी देहरादून में कांग्रेस संगठन के वरिष्ठ नेताओं, विभिन्न प्रकोष्ठों और विभागों के अध्यक्षों, जिला अध्यक्षों तथा अन्य प्रमुख पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक करेंगे। इसके अलावा वह पार्टी के वर्तमान एवं पूर्व विधायकों से भी मुलाकात करेंगे। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक पार्टी की सक्रियता, जनसरोकारों से जुड़े मुद्दों और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी का यह दौरा प्रदेश कांग्रेस के लिए नई दिशा और नई ऊर्जा लेकर आएगा। इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ेगा और संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत बनाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को मजबूती से उठा रही है और राहुल गांधी के नेतृत्व में पार्टी लगातार जनहित के सवालों पर संघर्ष कर रही है। जिलाध्यक्ष हिमांशु गावा ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव को देखते हुए यह दौरा बेहद महत्वपूर्ण है। राहुल गांधी का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को नई प्रेरणा देगा और संगठन को चुनावी दृष्टि से मजबूत आधार प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता पूरे उत्साह के साथ इस दौरे को सफल बनाने में जुटे हैं और राहुल गांधी का उत्तराखण्ड आगमन प्रदेश की राजनीति में एक महत्वपूर्ण संदेश देने वाला साबित होगा। वार्ता के दौरान पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, महानगर अध्यक्ष ममता रानी सहित संदीप चीमा, उमा सरकार, गणेश उपाध्याय, ममता हालदार, नारायण सिंह बिष्ट, सतीश कुमार, नवीन खेतवाल, हरि अधिकारी, अर्जुन विश्वास, मोहन कुमार, बाबू विश्वकर्मा व उमर अली आदि मौजूद थे।




# चुघ ने कार्यकर्ताओं संग सुनी मन की बात



रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात का 134 वां प्रसारण किया गया। देशभर में अलग-अलग स्थानों पर करोड़ों लोगों ने पीएम मोदी की मन की बात को सुना और उससे प्रेरणा ली। वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने बूथ संख्या 167 भूरारानी में कार्यकर्ताओं संग मन की बात को सुना। पीएम मोदी ने कहा की किस प्रकार खेलों के क्षेत्र में भारत के युवा एक नई पहचान बना रहे हैं। पिछले दिनों एथलीट गुरविंदर सिंह और अनिमेष सिंह ने 100 मीटर दौड़ में ऐसे ऐसे रिकॉर्ड स्थापित किया जो युवाओं के लिए प्रेरणा है। पीएम मोदी ने दोनों खिलाड़ियों से फोन पर बात की और यह जाना कि किस प्रकार यह दोनों खिलाड़ी एक संघर्ष और मेहनत के पश्चात आज इस मुकाम पर पहुंचे हैं। उन्होंने दोनों खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। पीएम मोदी ने कहा की भीषण गर्मी का मौसम चल रहा है ऐसे में गर्मियों से बचाव के लिए सावधानी बरतें।उन्होंने आम की विभिन्न प्रजातियों के बारे में भी बताया कि किस प्रकार से आम गांव से निकलकर ग्लोबल मार्केट तक पहुंच गया है और यह देश के किसाने की मेहनत का परिणाम है। पीएम मोदी ने मन की बात में कहा कि केरलम में एक नौका हादसे में कुछ लोगों को की मृत्यु के उपरांत वहां के एक व्यक्ति ने स्विमिंग क्लब बनाया। जिसमें बच्चे, युवा, बुजुर्ग समेत लगभग 15000 लोग तैराकी सीख रहे हैं ताकि दोबारा से डूबने से किसी व्यक्ति की मौत ना हो। पीएम मोदी ने कहा कि पिछले दिनों नीदरलैंड यात्रा के दौरान वहां की सरकार ने उन्हें चोला काल की ताम्रपटी सौंपी जो राष्ट्र की एक धरोहर है। रिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ ने कहा कि पीएम मोदी की मन की बात से पूरा देश प्रेरणा लेता है और हर संभव प्रयास करता है कि वह राष्ट्रहित में अपना योगदान अवश्य दें। इस दौरान चंद्रप्रकाश गांधी, मोहनलाल कालड़ा, नरेश रस्तोगी, विजय अरोड़ा, टेकचंद गांधी, योगेश ग्रोवर, विजय कालड़ा, अनुराग गांधी, शिवम कालड़ा आदि मौजूद थे।

# भाविप गदरपुर का दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न



गदरपुर। भारत विकास परिषद शाखा गदरपुर द्वारा शनिवार को काठपाल स्वीट्स एवं रेस्टोरेंट में शाखा कार्यशाला एवं दायित्व ग्रहण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के विभिन्न आयामों, दायित्वों एवं कार्यप्रणाली पर विस्तृत चर्चा की गई।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय संयुक्त सचिव नरेंद्र अरोड़ा, प्रांतीय अध्यक्ष मनोज अरोड़ा, प्रांतीय संयोजक संपर्क विष्णु सक्सेना, प्रांतीय संयोजक पर्यावरण डॉ. शिखा चौहान तथा प्रांतीय संगठन सचिव रवींद्र बजाज उपस्थित रहे। अतिथियों ने संगठन के दायित्व, प्रोटोकॉल, वित्तीय प्रबंधन, संपर्क विस्तार एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर कार्यशाला में विस्तृत जानकारी प्रदान की।कार्यशाला के उपरांत प्रांतीय अध्यक्ष मनोज अरोड़ा ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर उनके दायित्वों का विधिवत ग्रहण कराया। इस दौरान राजीव ग्रोवर अध्यक्ष, डॉ. विप्रजीत विश्वास सोनू सचिव, राकेश भुड्डी बंटी संयोजक संपर्क, बलदेव छावड़ा बंटी संयोजक पर्यावरण, गौरव मदान संयोजक संस्कार, सतीश बत्रा ने संयोजक समूहगान, राकेश कंबोज संयोजक रक्तदान, दीपक ग्रोवर संयोजक नेत्रदान तथा संगीता ग्रोवर संयोजिका तीज का दायित्व ग्रहण किया। सभी पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति निष्ठा, समर्पण एवं सेवा भाव से कार्य करने की शपथ ली।इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख ज्योति ग्रोवर,राजकुमार भुड्डी कार्यक्रम संयोजिका अंजू भुड्डी, डॉ. अरविंद धवन, डॉ. अजय श्रीवास्तव, डॉ. विनीत अरोड़ा, दीपक सुधा, विनोद चुग, प्रमोद बजाज, राम बचन यादव, डॉ. कृष्ण अवतार गुप्ता, विकास बजाज, किशोर तेजवानी, डिप्पल आहूजा, संजीव अरोरा, प्रमोद बजाज, सोनिया विश्वास, शीना अरोरा, तानिया गाबा, प्रीति बजाज, सपना आहूजा सहित भारत विकास परिषद के दर्जनों सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन संगठन को और अधिक सशक्त एवं जनसेवा के कार्यों में अग्रणी बनाने के संकल्प के साथ हुआ।

# पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

गदरपुर। पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी गया सामान बरामद किया है।कोतवाली गदरपुर में पंजीकृत एफआईआर संख्या 142/2026, धारा 303(2) बीएनएस के तहत दर्ज मुकदमे में पुलिस ने शुक्रवार को वार्ड नंबर-03 सिनेमा लाइन कॉलोनी निवासी राहुल बिष्ट पुत्र दिनेश कुमार (35 वर्ष) को गिरफ्तार किया।



पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गया बैग, विभिन्न बैंकों के तीन एटीएम कार्ड, दो टिफिन, हेडफोन, चार्जर तथा 1260 रुपये नकद बरामद किए हैं।पुलिस के अनुसार बरामद सामान वादी मुकदमा का है, जिसकी चोरी की रिपोर्ट पूर्व में दर्ज कराई गई थी। बरामदगी के आधार पर आरोपी के विरुद्ध धारा 303(2)/317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी करते हुए न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया।इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक भूपेंद्र सिंह बृजवाल, उपनिरीक्षक संजय बोरा एवं कांस्टेबल सीपी रविन्द्र सिंह रावत शामिल रहे। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जनपद में अपराधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।